tapmaan


तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि


# बेमेतरा भूमि

रायपुर, सोमवार 13 अप्रैल 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



12 21 करोड़ के सड़क निर्माण में ठेकेदार की मनमानी, अधिकारी ...



10 मकान कच्चा या पक्का, घर में इंटरनेट कनेक्शन ...




## खबर संक्षेप

### मौहाभाठा में पैरावट में आग



**साजा।** साजा मुख्य मार्ग स्थित ग्राम मौहाभाठा में रविवार दोपहर पैरावट में आग लगने से हड़कंप मच गया। तेज गर्मी और पानी की कमी के कारण आग तेजी से फैलते हुए मोबाइल टावर और बिजली ट्रांसफार्मर तक पहुंच गई तथा लपटें मोहगांव की ओर बढ़ने लगीं। ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया, वहीं सूचना पर जिला मुख्यालय से फायर ब्रिगेड पहुंची और आग पर काबू पाया। तब तक दो पैरावट, गेहूं फसल अवशेष और जलाऊ लकड़ी जलकर खाक हो गई।

### महंगाई के खिलाफ शिवसेना का हमला

**बेमेतरा।** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पार्टी ने बढ़ती महंगाई को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। पार्टी की प्रदेश महासचिव दाऊ राम चौहान ने कहा कि केंद्र और राज्य में भाजपा के शासनकाल में महंगाई लगातार बढ़ रही है, जिससे आम जनता का जीना मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले से लेकर पूरे प्रदेश में आटा, दाल, तेल, रसोई गैस और पेट्रोलियम पदार्थों के दाम आसमान छू रहे हैं। इसके कारण आम लोगों पर आर्थिक बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है। इसी के विरोध में शिवसेना ने जिला कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजकर महंगाई पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। चौहान ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार के पास ऐसी कोई प्रभावी आर्थिक नीति नहीं है, जिससे महंगाई पर नियंत्रण पाया जा सके। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही महंगाई पर नियंत्रण नहीं किया गया, तो शिवसेना बेमेतरा से लेकर पूरे छत्तीसगढ़ में आम जनता के साथ मिलकर व्यापक जन आंदोलन शुरू करेगी।

### जिला युवा कांग्रेस के महासचिव बने जयप्रकाश राज, जताया आभार

**बेमेतरा।** जिले की राजनीति में युवा नेतृत्व को मजबूती देते हुए जयप्रकाश राज को जिला युवा



कांग्रेस का महासचिव नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। नवनियुक्त महासचिव जयप्रकाश राज ने अपनी नियुक्ति पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि एक छोटे से कांग्रेस कार्यकर्ता को इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपना पार्टी का विश्वास दर्शाता है। उन्होंने प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा, बेमेतरा के पूर्व विधायक एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा तथा जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रांजल तिवारी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वे कांग्रेस पार्टी की विचारधारा के प्रति पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करते रहेंगे तथा संगठन को मजबूत बनाने में अपना योगदान देंगे।

### गांजा के साथ महिला को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भिलाई।** गांजा का अवैध कारोबार करने वाली महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि टोल फ्री नंबर 1933 पर सूचना पर छावनी पुलिस जी.ई. रोड स्थित हीरो शोरूम के पीछे पावर हाउस पहुंची। दबिश देकर प्रगति नगर कैम्प-1 निवासी एन इमला को पकड़ा गया। महिला के पसा से सफेद रंग के प्लास्टिक थैले में रखा कुल 1.138 किलो ग्राम गांजा जब्त किया गया।

# जिला चिकित्सालय का डायलिसिस यूनिट बना किडनी मरीजों की जीवनरेखा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत जिला चिकित्सालय बेमेतरा के एमसीएच (मातृ एवं शिशु चिकित्सालय) भवन में संचालित डायलिसिस यूनिट किडनी रोगियों के लिए किसी संजीवनी से कम नहीं है।

यह यूनिट अब तक करीब 300 मरीजों को जीवनदायी उपचार उपलब्ध करा चुकी है और 7,000 से अधिक डायलिसिस सेशन सफलतापूर्वक पूरे किए जा चुके हैं। जानकारी के अनुसार, इस सुविधा की शुरुआत 8 दिसंबर 2022 को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम "जीवनधारा" के तहत की गई थी। ई-टेंडरिंग प्रक्रिया के माध्यम से चयनित एजेंसी द्वारा पहले मरीज का निःशुल्क डायलिसिस कर इस सेवा का शुभारंभ किया गया था। वर्तमान में यूनिट में 5 आधुनिक डायलिसिस मशीनें स्थापित हैं। यहां हर माह औसतन 300 से अधिक डायलिसिस सेशन किए जा रहे हैं, जबकि 27 सक्रिय मरीज नियमित रूप से उपचार ले रहे हैं। मरीजों की देखरेख एमडी मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. अस्मिता श्रीवास्तव और सिविल सर्जन डॉ. लोकेश साहू द्वारा की जा रही है। डायलिसिस टीम के अनुसार सभी प्रक्रियाएं निर्धारित मानकों और सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुरूप संचालित होती हैं, वहीं मशीनों का नियमित निरीक्षण और मेंटेनेंस भी सुनिश्चित किया जाता है।

## 300 मरीजों को मिला लाभ, 7,000 से अधिक डायलिसिस सेशन सफल



### भटकना नहीं पड़ रहा

इस यूनिट के शुरू होने से जिले के मरीजों को अब बड़े शहरों में इलाज के लिए भटकना नहीं पड़ रहा है। स्थानीय स्तर पर समय पर उपचार मिलने से आपातकालीन स्थितियों में जीवन रक्षा संभव हो पाई है, साथ ही मरीजों और उनके परिजनों पर आर्थिक बोझ भी काफी हद तक कम हुआ है। जिले के ग्राम ढारा निवासी 51 वर्षीय श्रीमती कांति साहू ने बताया कि वे पिछले 3 साल 6 महीने से डायलिसिस करवा रही हैं। पहले उन्हें मुंगेली और दुर्ग जाकर इलाज कराना पड़ता था, जिससे समय, पैसा और मानसिक तनाव बढ़ता था। लेकिन पिछले डेढ़ साल से वे बेमेतरा जिला चिकित्सालय में सप्ताह में तीन दिन डायलिसिस करवा रही हैं। यहां निःशुल्क इलाज मिलने के साथ-साथ डॉक्टरों और स्टाफ का व्यवहार भी बेहद सहयोगी और संतोषजनक है।

## सौगात : थान खम्हरिया में 12 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण

# सरकार शहरों के समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्ध : अरुण साव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा/थान खम्हरिया

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने कहा कि राज्य सरकार शहरों के समावेशी विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। वे रविवार को नगर पंचायत थान खम्हरिया में आयोजित लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने 12 करोड़ रुपए से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण किया। साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण कर अटल परिसर का लोकार्पण भी किया।

■ नवविवाहित जोड़ों को दिया आशीर्वाद

उपमुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार गांव, गरीब, वंचित और शोषित वर्गों के उत्थान के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने पूर्ववर्ती सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि 18 लाख प्रधानमंत्री आवास रोके गए थे, जबकि वर्तमान सरकार ने 26 लाख गरीबों को आवास उपलब्ध कराया है। महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपए दिए जा रहे हैं और अब तक 26 माह की राशि वितरित की जा चुकी है। किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कर अंतर राशि का भुगतान भी किया गया है। उन्होंने बताया कि 15वें वित्त आयोग से 400 करोड़ रुपए नगरीय निकायों के विकास के लिए लाए गए हैं, जिससे शहरों को स्वच्छ और सुविधायुक्त बनाया जा रहा है। थान खम्हरिया नगर पंचायत को भी अब तक करीब 16 करोड़ रुपए की राशि प्रदान की जा चुकी है। इस अवसर पर उन्होंने नगर विकास के लिए अतिरिक्त 1 करोड़ रुपए देने की घोषणा की।





### बनरांका में कर्मा जयंती में भी हुए शामिल

उपमुख्यमंत्री अरुण साव इसके बाद समीपस्थ ग्राम बनरांका पहुंचे, जहां साहू समाज द्वारा आयोजित मां कर्मा जयंती, शपथग्रहण एवं आदर्श विवाह समारोह में शामिल हुए। उन्होंने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और कर्मा भवन निर्माण के लिए 20 लाख रुपए देने की घोषणा की। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उन्होंने सामाजिक एकता और विकास पर जोर

### स्टेडियम की मांग

कार्यक्रम में साजा विधायक ईश्वर साहू और बेमेतरा विधायक दीपेश साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता चंदन अग्रवाल ने नगर को नगरपालिका परिषद में उन्नयन, बायपास निर्माण और इंडोर स्टेडियम की मांग रखी। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के अंतर्गत 63 हितग्राहियों को अनुज्ञा पत्र वितरित किए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# पड़कीडीह में दो सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा/नवागढ़

ग्राम पंचायत मरका के आश्रित ग्राम पड़कीडीह में क्षेत्र के विकास को नई दिशा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू द्वारा 10.40 लाख की लागत से बनने वाली दो सीसी रोड निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा गया। इस विकास कार्य के पूर्ण होने के बाद गांव में आवागमन की सुविधा और अधिक सुगम हो जाएगी। विशेषकर बारिश के दिनों में होने वाली समस्याओं से ग्रामीणों को राहत मिलेगी। लंबे समय से सड़क निर्माण की मांग कर रहे ग्रामीणों के लिए यह कार्य एक बड़ी सौगात साबित होगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू ने क्षेत्र के विधायक एवं कैबिनेट मंत्री दयाल दास का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन में क्षेत्र में लगातार विकास कार्यों को गति मिल रही है। उन्होंने कहा, विधायक एवं मंत्री दयाल दास के प्रयासों से नवागढ़ क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी सहित मूलभूत सुविधाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है। हमारी प्राथमिकता है कि हर गांव तक विकास की रोशनी पहुंचे।

■ 10.40 लाख की लागत से होगा विकास कार्य शुरू

पड़कीडीह में बनने वाली ये सीसी रोड ग्रामीणों के जीवन को आसान बनाएगी और गांव के समग्र विकास में अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले समय में भी क्षेत्र में इसी प्रकार के विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। इस अवसर पर ग्राम पंचायत मरका की सरपंच ललिता गन्धर्व, उपसरपंच कार्तिक साहू, सहदेव साहू, कौशल गन्धर्व, बिनु तिवारी, प्रदीप तिवारी, राजाराम साहू, प्रदीप सेन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ग्रामीणों ने इस विकास कार्य के लिए जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# म्युल अकाउंट के जरिए साइबर ठगी का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

थाना सिटी कोतवाली एवं साइबर सेल पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में साइबर ठगी के एक बड़े मामले का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों द्वारा बैंक खातों को "म्युल अकाउंट" के रूप में उपयोग कर धोखाधड़ी की रकम का लेन-देन किया जा रहा था। पुलिस को विश्वसनीय सूत्रों से सूचना मिली थी कि इंडियन बैंक शाखा बेमेतरा के एक खाते का उपयोग साइबर ठगी की राशि को प्राप्त करने और ट्रांसफर करने में किया जा रहा है। जांच के दौरान पता चला कि यह खाता ग्राम मुरता निवासी धर्मराज साहू के नाम पर संचालित है। बैंक स्टेटमेंट के अवलोकन में 23 मई 2025 से 1 जुलाई 2025 के बीच खाते में 6.65 लाख रुपये जमा और 6.52 लाख रुपये आहरित होना पाया गया, जिसमें एक संदिग्ध ट्रांजैक्शन भी चिन्हित किया गया। विवेचना में सामने आया कि आरोपी संतोष कुमार साहू एवं एक अन्य व्यक्ति लोगों को लोन दिलाने का झांसा देकर उनके नाम पर विभिन्न बैंकों में खाते खुलवाते थे। इसके बाद पासबुक, एटीएम कार्ड और सिम अपने कब्जे में रखकर इन खातों के माध्यम से ठगी की रकम का लेन-देन करते थे। धर्मराज साहू ने भी इसी प्रलोभन में आकर अपना खाता खुलवाया था, जिसका उपयोग अवैध लेन-देन में किया गया।

■ लोन दिलाने के नाम पर खुलवाते थे खाते, लाखों के लेन-देन का खुलासा; पासबुक, एटीएम व मोबाइल जब्त

### बीएनएस की धाराओं में कार्रवाई

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 317(2), 317(4), 318(4), 61(2)(A) के तहत मामला दर्ज कर 11 अप्रैल 2026 को धर्मराज साहू (32 वर्ष) एवं संतोष कुमार साहू (41 वर्ष) सहित एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

### पासबुक, एटीएम और मोबाइल जब्त

आरोपियों के कब्जे से 5 पासबुक, 2 चेकबुक, 2 मोबाइल फोन एवं 8 एटीएम कार्ड बरामद किए गए हैं। मामले में अन्य आरोपियों की संलिप्तता भी सामने आ रही है, जिसकी जांच जारी है। यह कार्रवाई वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक सोनल ग्वाला एवं साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक मयंक मिश्रा के नेतृत्व में की गई। टीम में एएसआई सुरेश सिंह, उदल राम टांडेकर, प्रधान आरक्षक मोहित चेलक, आरक्षक पुरूषोत्तम कुंभकार, देवेन्द्र साहू सहित पुलिस स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### आईपीएल सट्टा का संचालन करने वाले तीन गिरफ्तार

**भिलाई।** आईपीएल सट्टा का संचालन करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर कंडरापारा के ऋषभ नगर स्थित मकान में आईपीएल क्रिकेट मैच (चेन्नई बनाम दिल्ली) में ऑनलाइन सट्टा संचालित हो रहा था। पुलिस ने घेराबंदी कर ऋषभ नगर निवासी विकास जैन, शिवपारा निवासी रौनक ताम्रकार, गवलीपारा निवासी प्रवीण ताम्रकर को पकड़ा। युवकों के पास से नगदी 9810 रुपए, चार मोबाइल उक्त सामानों की कुल कीमत 49 हजार 800 रुपए आंकी गई है।

# चतुर्थ दिवस: अंग्रेजी और कला शिक्षा पर केंद्रित रही कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) में एफएलएन एवं नवीन पाठ्यपुस्तक आधारित प्रशिक्षण के चतुर्थ दिवस का आयोजन अंग्रेजी एवं कला शिक्षा विषय पर किया गया। कार्यशाला में शिक्षकों को नई शिक्षा नीति के अनुरूप शिक्षण पद्धतियों से अवगत कराया गया। सहायक प्राध्यापक परसराम साहू एवं एसआरजी पवन कुमार देवांगन ने नवीन पाठ्यपुस्तकों में हुए बदलावों पर विस्तार से चर्चा करते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत भारतीय ज्ञान परंपरा के सर्वांगीण विकास पर प्रकाश डाला। डीआरजी साकेत बिहारी ने नई पुस्तकों के आमुखीकरण एवं कक्षा शिक्षण में उनके प्रभावी क्रियान्वयन के तरीके बताए। अंग्रेजी विषय पर डीआरजी आशा चंदेल एवं यामिनी बर्मन ने शिक्षण में आने वाली प्रमुख कठिनाइयों, अप्रोच, ओरल डेवलपमेंट, वर्ड रिकॉग्निशन, रीडिंग एवं राइटिंग कौशल के विकास पर मार्गदर्शन दिया। वहीं डीआरजी गिरिजा पटेल ने बहुभाषिता के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। कला शिक्षा सत्र में डीआरजी खिलेंद्र कुमार साहू ने दृश्य कला, संगीत, नृत्य एवं रंगमंच के उद्देश्यों को व्यावहारिक प्रदर्शन के माध्यम से समझाया। प्रशिक्षार्थियों को समूहों में विभाजित कर प्रस्तुतीकरण भी कराया गया, जिसमें तबला, ढोलक, हारमोनियम, मंजीरा जैसे वाद्ययंत्रों के साथ पंथी, सुआ एवं करमा गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं।

■ डीआरजी ने साझा किए अनुभव



कार्यक्रम का समापन प्रशिक्षण प्रभारी जी.एल. खुटियारे द्वारा पंथी गीत की प्रस्तुति के साथ हुआ। इस अवसर पर बीआरजी के रूप में खुशबू दुबे, अहिल्या कुंजाम, डोगेंद्र कुंजाम, सावित्री साहू, निखिल तिवारी, शांत कुमार पटेल, अम्बालिका पटेल, रमा तरार, ईश्वरी प्रसाद घृतलहरे, राधेश्याम बैस, शिखा चौबे, मन्नू लाल साहू एवं उद्धव साहू सहित सभी प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## जिला कृषि व्यापारी संघ की वार्षिक बैठक में सख्त निगरानी की मांग

# उर्वरक व्यापार में अनियमितताओं पर फूटा व्यापारियों का गुस्सा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

उर्वरक व्यापार में व्याप्त अनियमितताओं और छोटे व्यापारियों पर हो रही कार्रवाई को लेकर जिला कृषि व्यापारी संघ की वार्षिक बैठक में तीखी नाराजगी देखने को मिली। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि रैक हैंडलिंग डीलरों और बाहरी थोक विक्रेताओं की गड़बड़ियों का खामियाजा स्थानीय खुदरा व्यापारियों को भुगतना पड़ रहा है।

बैठक की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ हुई। अध्यक्ष सिद्दीक खान ने नए वित्तीय वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए व्यापारियों की समस्याओं को सामने रखा। बैठक में छत्तीसगढ़ कृषि व्यापारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष अतुल मूंदड़ा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने व्यापारियों की समस्याएं सुनकर उनके समाधान के लिए शासन-प्रशासन के समक्ष मजबूती से मुद्दा उठाने का आश्वासन दिया।



बैठक में सभी व्यापारियों ने एग्री स्टेक (पीओएस) सिस्टम के माध्यम से निर्धारित दर पर ही रासायनिक उर्वरक विक्रय करने की प्रतिबद्धता जताई। साथ ही इस प्रणाली के प्रभावी संचालन के लिए प्रशिक्षण की मांग भी की गई। व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की कि उर्वरक आपूर्ति श्रृंखला में निर्माता कंपनियों से लेकर रैक हैंडलिंग डीलरों तक सख्त निगरानी की जाए। उन्होंने कहा कि केवल छोटे खुदरा व्यापारियों पर कार्रवाई कर उन्हें "बलि का बकरा" बनाना उचित नहीं है। बैठक में निर्णय लिया गया कि समस्याओं के निराकरण हेतु उपसंचालक कृषि बेमेतरा को ज्ञापन सौंपा जाएगा। समाधान नहीं होने पर प्रतिनिधिमंडल रायपुर जाकर संचालक एवं कृषि मंत्री से मुलाकात करेगा। व्यापारियों ने अवैध रूप से खाद बेचने वाले 'कोचिया' तत्वों तथा फेरी लगाकर कृषि सामग्री बेचने वालों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। साथ ही नकली खाद के मामलों में की गई कार्रवाई का सार्वजनिक ब्यौरा जारी करने की मांग भी रखी गई।

बैठक में संरक्षक ओमप्रकाश राठी, सलाहकार आर.के. वर्मा, उपाध्यक्ष अश्वनी बंजारे सहित अन्य पदाधिकारियों ने व्यापार की पारदर्शिता, नियमों के पालन और किसानों के हितों को सर्वोपरि रखने पर जोर दिया। कोषाध्यक्ष युवराज पटेल ने वार्षिक लेखा-जोखा प्रस्तुत किया तथा अंत में हुलास देवांगन ने आभार व्यक्त किया। बैठक में अर्पित गुप्ता, प्रतीक रजक, शुभम सिंघानिया, मिथिलेश साहू, संतोष माहेश्वरी, जावेद मेमन सहित जिले भर से बड़ी संख्या में कृषि व्यापारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### ग्रिल लगाने से रुकेंगे हादसे

**पाटन।** गौरव पथ स्थित सड़क डिवाइडर में सुरक्षा हेतु मजबूत ग्रिल का निर्माण कराया गया है। इस संबंध में पार्षद एवं सभापति श्रीमती नेहा बाबा वर्मा ने बताया कि नगर क्षेत्र में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए एवं वार्डवासियों की मांग को प्राथमिकता प्रदान करते हुए, सिन्हा सायकल स्टोर्स के समीप यह निर्माण करवाया गया। उन्होंने कहा कि ग्रिल लगने से अनियंत्रित रूप से सड़क पार करने की घटनाओं पर नियंत्रण होगा, जिससे दुर्घटनाओं में कमी आएगी और आम नागरिकों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी। साथ ही उन्होंने आश्वस्त किया कि नगरवासियों की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए इस प्रकार के कार्य आगे भी निरंतर किए जाते रहेंगे।

### अछोटी की प्राशा में न्योता भोज का आयोजन

**अण्डा।** ग्राम अछोटी की प्राथमिक शाला परिसर में न्योता भोज का आयोजन किया गया। यह आयोजन सरपंच झन्ना दिल्लीवार द्वारा अपनी पुत्री के विवाह एवं सरपंच पद के एक वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण होने के उपलक्ष्य में किया गया। कार्यक्रम में गांव के जनप्रतिनिधि, शिक्षक-शिक्षिकाएं, स्कूली बच्चे एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर सरपंच झन्ना दिल्लीवार ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। न्योता भोज में उपसरपंच घनश्याम दिल्लीवार, पूर्व जनपद सदस्य छगन दिल्लीवार,रोमनाथ दिल्लीवार, प्रधान पाठक राधेश्याम चंद्राकर एवं प्रेमलाल साहू सहित ममता देशमुख, किशोर देशमुख, जीवन सिन्हा, रीना चंदेल, विद्या निषाद, सरोज खुटयारे उपस्थित रहे। इसके अलावा सचिव युवराज साहू, ज्योति दिल्लीवार, सुमन दिल्लीवार, भावना दिल्लीवार, मिथलेश दिल्लीवार, दयालु राम देशमुख, पायल दिल्लीवार, डाली दिल्लीवार आदि मौजूद थे।

### एचपीवी टीकाकरण शुरू

**कुम्हारी।** किशोरियों को ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) संक्रमण से बचाव के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुम्हारी में टीकाकरण का शुभारंभ किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग डॉ मनोज दानी के मार्गदर्शन,खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ रचना अग्रवाल के निर्देशन और प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ अविनाश पाठक की देखरेख में यह मुहिम शुरू की गई। इस अवसर पर नगर पालिक परिषद की अध्यक्ष मीना वर्मा एवं जीवन दीप समिति अध्यक्ष विनोद साहू की उपस्थिति में हितग्राहियों का एच पी वी का टीकाकरण किया गया। स्वास्थ्य अधिकारियों तथा कर्मचारियों में बीईटीओ एस आर रंगारी, पर्यवेक्षक अरुण कुमार वर्मा एवं नर्सिंग स्टाफ तथा सीएचसी कुम्हारी के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

### अवैध रेत परिवहन के खिलाफ प्रशासन सख्त, मशीन जब्त

**पाटन।** पाटन क्षेत्र के ग्राम झीट खुड़मुड़ी में इन दिनों अवैध रेत परिवहन का मामला लगातार चर्चा में बना हुआ है। प्रशासन द्वारा इस पर सख्ती बरतते हुए कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है। इसी कड़ी में तहसीलदार भूपेंद्र सिंह के निर्देश पर बीती रात एक बड़ी कार्रवाई की गई, जिसमें अवैध गतिविधियों में संलिप्त एक चेन माउंटेन मशीन को मौके पर ही पकड़ लिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम झीट खुड़मुड़ी में रेत निकालने के लिए रात के अंधेरे में रास्ता तैयार किया जा रहा था। इसी दौरान तहसीलदार की टीम को सूचना मिली, जिसके बाद तत्काल मौके पर पहुंचकर छापामार कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान चेन माउंटेन मशीन को जब्त कर लिया गया, जबकि मौके पर मौजूद कुछ लोग अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से अवैध रेत उत्खनन और परिवहन का कार्य चल रहा है, जिससे शासन को राजस्व की हानि हो रही है और पर्यावरण पर भी इसका बुरा प्रभाव पड़ रहा है। प्रशासन द्वारा समय-समय पर कार्रवाई की जाती है, लेकिन इसके बावजूद रेत माफिया सक्रिय बने हुए हैं। तहसीलदार भूपेंद्र सिंह ने बताया कि अवैध कार्यों में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

---

**आरोप**

# 21 करोड़ के सड़क निर्माण में ठेकेदार की मनमानी, अधिकारी आंख मूंदे बैठे

**पुल पुलिया निर्माण और सड़क का बेस गुणवत्ताहीन, पानी का छिड़काव नहीं होने से उड़ रहा धूल का गुबार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ घटिया निर्माण सामग्री, इंजीनियर की अनुपस्थिति और 'बिलो रेट' अनुबंध के चलते गुणवत्ता पर संकट

जिले के साजा उपसंभाग अंतर्गत निर्माणाधीन गडुवा–खैरझिटी–नवागांवकला सड़क निर्माण कार्य में बड़ी अनियमितता और लापरवाही सामने आई है। करीब 14 किलोमीटर से अधिक लंबी इस सड़क का निर्माण 2115.21 लाख रुपये की लागत से किया जा रहा है, लेकिन जमीनी स्तर पर गुणवत्ता के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति किए जाने के आरोप लग रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण पीडब्ल्यूडी के अधिकारी व ठेकेदार की मिली भगत से खुलेआम घटिया व स्तरहीन सामग्री का उपयोग निर्माण में किया जा रहा है। सड़क के बेस से लेकर ऊपरी परत तक तकनीकी मापदंडों की अनदेखी की जा रही है, जिससे निर्माण कार्य शुरू होते ही सवालों के घेरे में आ गया है। इस परियोजना की निगरानी की जिम्मेदारी उप अभियंता गजेंद्र पिपरिया पर है, लेकिन ग्रामीणों के मुताबिक वे शायद ही कभी मौके पर दिखाई देते हैं। तकनीकी निगरानी के अभाव में ठेकेदार मनमानी पर उतर आया है और बिना किसी रोक-टोक के कार्य किया जा रहा है। इससे विभागीय कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं।





### विभाग की चुप्पी पर उठे सवाल

मामले में विभागीय अधिकारियों की चुप्पी भी लोगों के बीच संदेह पैदा कर रही है। आमजन में यह चर्चा है कि कहीं विभागीय मिलीभगत के चलते इस भ्रष्टाचार को नजरअंदाज किया जा रहा है। क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और नियमित निगरानी की भी अपील की है। बहरहाल गडुवा–नवागांवकला सड़क, जो क्षेत्र के लिए विकास की उम्मीद मानी जा रही थी, अब भ्रष्टाचार और लापरवाही की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। समय रहते सुधार नहीं हुआ तो यह सड़क सुविधा के बजाय परेशानी का सबब बन सकती है।




### बिलो रेट' का असर, गुणवत्ता से समझौता

विभागीय आंकड़ों के अनुसार, सड़क निर्माण का ठेका 20.16 प्रतिशत कम (बिलो रेट) पर दिया गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि ठेकेदार घाटे की भरपाई के लिए निर्माण सामग्री की गुणवत्ता में कटौती कर रहा है और तकनीकी मानकों को दरकिनार कर काम को केवल कागजों में पूरा करने की कोशिश हो रही है।

### जांच कर की जाएगी कार्रवाई

मामले की जानकारी आपके द्वारा मिली है। जिम्मेदार अधिकारियों से इसकी जानकारी मांगी जाएगी। टीम से जांच कराई जाएगी। यदि निर्माण में गुणवत्ता की कमी पाई गई तो निर्माण एजेंसी और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

\- वीके भतपहरी, प्रमुख अभियंता, पीडब्ल्यूडी

### नाली-पुलिया भी कमजोर, मानसून में ढहने की आशंका

मौके पर देखा जाए तो सड़क के साथ बन रही नाली और पुलिया निर्माण में भी गंभीर लापरवाही सामने आई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि कंक्रीट में सीमेंट की मात्रा बेहद कम रखी जा रही है, जिससे नई संरचनाएं अभी से जर्जर नजर आने लगी हैं। निर्माण में कंक्रीट मिक्सचर मशीन का उपयोग किया गया, लेकिन उसका मीटर प्रिंटर बंद रखा गया, जिससे निर्माण में सीमेंट की चोरी की जा सके। इतना ही नहीं जिम्मेदार इंजीनियर ने भी ठेकेदार से कोई बैच रिपोर्ट या प्रिंट नहीं मांगा और बिल बना रहा है। लोगों को आशंका है कि पहली ही बारिश में यह निर्माण बह सकता है, जिससे करोड़ों की राशि बर्बाद हो सकती है। इसके अलावा यह परियोजना 14 अगस्त 2025 को शुरू हुई थी और इसे 29 जुलाई 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। हालांकि काम जारी है, लेकिन जिस तरह की अनियमितताएं सामने आ रही हैं, उससे समय पर गुणवत्तापूर्ण निर्माण को लेकर संदेह गहराता जा रहा है।

---

## कटई-जैतपुरी-चाकापेंड्रा पक्की सड़क का भूमिपूजन...



**नांदघाट।** जिला पंचायत सभापति एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष अंजय बघेल जनपद पंचायत अध्यक्ष नवागढ़ खोरबाहरा साहु भाजपा मंडल अध्यक्ष मारो राकेश राजपूत द्वारा करोड़ों की लागत से निर्माणाधीन बहुप्रतिक्षित कटई जैतपुरी चाकापेंड्रा पक्की सड़क का भूमि पूजन किया गया। 3 किलो मीटर लंबी इस सड़क के बनने से 3 गांव के हजारों व्यक्ति लाभान्वित होंगे।

---

# महिदही में 'अंगना म शिक्षा' कार्यक्रम माताओं ने सीखा बच्चों को गढ़ने का हुनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक शाला महिदही में 'अंगना म शिक्षा' कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा पहली और दूसरी के नन्हे विद्यार्थियों की माताओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया, जहाँ उन्हें घर के आंगन को ही पाठशाला बनाने के गुर सिखाए गए।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षकों द्वारा माताओं को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। बच्चों को बताया गया कि घर के दैनिक कामकाज पूरा करने के बाद भी वे किस प्रकार बच्चों को खेल-खेल में अंक ज्ञान, वर्णमाला की पहचान और बुनियादी भाषाई कौशल सीखा सकती हैं।कार्यक्रम को प्रभावी बनाने के लिए विद्यालय परिसर में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न स्टालों के माध्यम से माताओं को बच्चों के वर्तमान शैक्षणिक स्तर को जांचने और सुधारने के तरीकों की जानकारी दी गई। माताओं ने न केवल शिक्षा की बारीकियों को समझा, बल्कि स्वयं गतिविधियों में



शामिल होकर यह संकल्प लिया कि वे बच्चों के विकास में शिक्षकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगी। शिक्षकों ने प्रत्येक माता से चर्चा कर उनके बच्चे की विशिष्ट रुचि और प्रगति साझा की। शाला के प्रधान पाठक कौशल प्रसाद साहू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि माँ बच्चे की प्रथम गुरु होती है। 'अंगना म शिक्षा' अभियान के माध्यम से हमारा प्रयास घर और स्कूल के बीच के फासले को कम करना है। जब घर का आंगन पाठशाला बनेगा, तब बच्चों का सर्वांगीण विकास और भी तेजी से होगा।

### टीम की सहभागिता

कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक अशोक कुमार धुर्वे, गजानंद वैष्णव, महेश्वर प्रसाद श्रीवास,जानकी ठाकुर एवं हेमलता साहू का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित माताओं का आभार व्यक्त किया गया। इस आयोजन से न केवल पालकों और शिक्षकों के बीच संवाद बढ़ा है, बल्कि ग्रामीण स्तर पर शिक्षा के प्रति एक नई जागरूकता की लहर देखी गई है।

---

# कण्डरका चैंपियंस लीग ईगल अछोली बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

■ भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला, विजेताओं को किया

कण्डराका क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित कण्डरका चैंपियंस लीग सीजन-1 का फाइनल मुकाबला खेल प्रेमियों के लिए यादगार बन गया। इस रोमांचक मुकाबले में टीम ईगल आछोली और सूर्यदेव आछोली के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली, जिसमें खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

फाइनल मैच के मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा किसान नेता एवं सर्व हिंदू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी उपस्थित रहे। मैच के बाद आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में उन्होंने विजेता एवं उपविजेता टीमों को सम्मानित करते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।



इस अवसर पर अपने संबोधन में योगेश तिवारी ने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त आधार है। खेलों से अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है, जो जीवन में सफलता के लिए बेहद जरूरी हैं। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के आयोजनों की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि इससे युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिलता है और वे सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि खेल युवाओं को नशे और गलत आदतों से दूर रखते हुए उन्हें स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य की ओर प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने आयोजनकर्ता दिनेश यदु एवं पूरी समिति की सराहना करते हुए इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, खेल प्रेमी एवं युवा उपस्थित रहे। साथ ही पुरुषोत्तम यादव, पुराण निषाद, मैडम निषाद, धनराज निषाद, भुनेश्वर यादव, संतोष निषाद, देवानंद यादव, रमेश, त्रिलोकी साहू सहित कई गणमान्य नागरिकों ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

पूरे आयोजन के दौरान खेल भावना, उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा का माहौल देखने को मिला, जिसने इस प्रतियोगिता को यादगार बना दिया।

---

# विनय देवांगन बने युवा कांग्रेस के जिला सचिव, समर्थकों में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवकर

जिला युवा कांग्रेस के संगठन विस्तार के तहत देवकर के ऊर्जावान और सक्रिय कार्यकर्ता विनय देवांगन को जिला सचिव (युवा कांग्रेस, बेमेतरा) के पद पर नियुक्त किया गया है। उनकी इस नियुक्ति से स्थानीय कार्यकर्ताओं और युवा समर्थकों में उत्साह देखा जा रहा है।अपनी नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए विनय देवांगन ने युवा कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व और जिला संगठन का आभार जताया है। जिसमे उन्होंने पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे, कांग्रेस ज़िला अध्यक्ष व पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा, युवा कांग्रेस ज़िला अध्यक्ष-प्रांजल तिवारी कहा कि संगठन ने उन पर जो भरोसा जताया है, वे उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। युवा कांग्रेस के नवनियुक्त ज़िला सचिव विनय ने कहा है कि /"पार्टी ने मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसके माध्यम से मैं युवाओं की आवाज बुलंद करूँगा और कांग्रेस की जनहितैषी नीतियों को घर-घर तक पहुँचाने का कार्य पूरी निष्ठा से करूँगा । नगरवासियों और मित्रों ने बधाई दी और स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि विनय शुरू से ही युवाओं के मुद्दों पर सक्रिय रहे हैं, जिसका लाभ अब जिला स्तर पर संगठन को मिलेगा।



■ संगठन में सक्रियता का मिला फल; बेमेतरा जिला कार्यकारिणी में मिली महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

---

## प्राचीन भारत का सशक्त विधि-संहिता है मनुस्मृतिः महंत सुरेंद्र

# मनुस्मृति चरित्र निर्माण का शाश्वत ग्रंथः डॉ. सौरव निर्वाणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सनातन संस्कृति के मूल ग्रंथों के पुनर्जागरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए धर्म स्तंभ काउंसिल के सभापति डॉ सौरव निर्वाणी ने अखिल भारतीय श्रीपंच निर्मोही अखाड़े के राष्ट्रीय अध्यक्ष, चित्रकूट से पधारे पूज्य महंत श्रीराम दास जी को मनुस्मृति पर आधारित व्याख्या भेंट की. इस अवसर पर राम जानकी मंदिर, नवागढ़ के महंत सुरेंद्र दास एवं डॉ निर्वाणी ने संयुक्त रूप से कहा कि मनुस्मृति केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि एक सुदृढ़, अनुशासित और नैतिक समाज के निर्माण का आधार स्तंभ है। यह ग्रंथ जीवन को दिशा देने वाले सिद्धांतों धर्म, सत्य, संयम और कर्तव्य का समग्र मार्गदर्शन प्रदान करता है। डॉ निर्वाणी ने कहा कि आज का समाज अनेक प्रकार के विवाद, अनैतिक आचरण और मूल्यहीनता की चुनौतियों से जूझ रहा है,ऐसे समय में मनुस्मृति का अध्ययन केवल प्रासंगिक ही नहीं, बल्कि अत्यंत आवश्यक हो गया है,यह ग्रंथ व्यक्ति को केवल नियमों में नहीं बांधता, बल्कि उसे जीवन जीने की सही



दिशा, अनुशासन, जिम्मेदारी और उच्च नैतिकता का बोध कराता है..उन्होंने आगे कहा कि यदि मनुस्मृति के मूल सिद्धांतों को सही समझ और संतुलित दृष्टिकोण के साथ समाज में पुनः स्थापित किया जाए, तो भारत पुनः "सोने की चिड़िया" बनने की दिशा में अग्रसर हो सकता है.. महंत सुरेंद्र दास ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मनुस्मृति में वर्णित सिद्धांत समाज में शांति, संतुलन और समरसता स्थापित करने की अद्भुत क्षमता रखते हैं। यदि इन्हें आधुनिक संदर्भ में सही ढंग से अपनाया जाए, तो वर्तमान समय की प्रमुख समस्याएं सामाजिक विघटन, पारिवारिक तनाव और नैतिक पतन स्वतः समाप्त हो सकती हैं। डॉ निर्वाणी ने समाज के सभी वर्गों से आह्वान किया कि वे मनुस्मृति को विवाद के चश्मे से नहीं, बल्कि ज्ञान और आत्मबोध के दृष्टिकोण से देखें। उन्होंने कहा कि इस ग्रंथ के सकारात्मक तत्वों को समझकर जीवन में उतारना ही एक सशक्त, संस्कारित और समृद्ध राष्ट्र के निर्माण की कुंजी है ।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वर्तमान भारत का संचालन संविधान के अनुसार होता है, किंतु हमारे प्राचीन ग्रंथ हमें नैतिकता, संस्कृति और जीवन मूल्यों की अमूल्य दिशा प्रदान करते हैं, जिन्हें अपनाना समय की मांग है ।अंत में डॉ सौरव निर्वाणी ने कहा संस्कारों से ही समाज का निर्माण होता है और समाज से ही राष्ट्र का। यदि हम अपने मूल मूल्यों की ओर लौटें, तो खुशहाली, शांति और समृद्धि स्वतः स्थापित हो जाएगी।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
मात्र 15,500/-
09 दिन
EX-हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
ब्रेकफास्ट, डिनर, 25 सीटर टेम्पो ट्रैवलर, होटल, मैनेजर/ गाइड
20 अप्रैल, 06 मई, 09 मई, 13 मई, 18 मई, 08 जून, 17 जून 2026
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411